दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 10 मई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-217

# शिवराज के भाई और रिश्तेदार का भी कर्ज माफ : राहुल



**भिंड (आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किसान कर्जमाफी पर उठाए जा रहे सवालों के जवाब में बुधवार को यहां कहा कि कर्ज तो शिवराज के भाई और चाचा के लड़के का भी माफ हुआ है। गांधी ने भिंड, मुरैना और ग्वालियर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमत्री चौहान को आड़े हाथों लिया और कहा, मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बताया है कि राज्य में किसानों का कर्ज माफ हुआ है। उनमें चौहान के भाई राहित सिंह और चाचा के लड़के भी शामिल हैं।


ज्ञात हो कि राज्य में कांग्रेस की सरकार दावा कर रही है कि 21 लाख किसानों का दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ हो चुका है, जबकि भाजपा राज्य सरकार के दावे को झूठा बता रही है। इसी को लेकर गांधी ने जवाब दिया। गांधी ने कर्जमाफी का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री कमलनाथ से कहा, वह सूची बताइए जो आप मुझे अपने सेल फोन पर दिखा रहे थे, उसमें किसके नाम हैं। इस पर कमलनाथ ने कहा कि चौहान के भाई रोहित सिंह चौहान और चाचा के लड़के का भी कर्ज माफ हुआ है। राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी के सत्ता में न लौटने का दावा किया, नरेंद्र मोदी लौट कर नहीं आ रहे, फ्लाप शो, खत्म, वह घड़ी गई, उनके चेहरे को देख लो, उनकी ऊर्जा को देख लो। उदास से हैं, वह हार रहे हैं चुनाव। इसलिए कांग्रेस को मध्य प्रदेश में पूरी ताकत लगानी है।

गांधी ने एक बार फिर चौकीदार चोर है का नारा दोहराया। उन्होंने राफेल सौदे का जिक्र किया और कहा, मेरे पास सबूत है कि चौकीदार चोर है। जब भी बोलता हूं सबूत लेकर बोलता हूं। फ्रांस के राष्ट्रपति ने बोला था कि हिदुस्तान के चौकीदार प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे कहा था कि हवाई जहाज भारत में नहीं फ्रांस में बनेगा और 526 करोड़ रुपये का हवाई जहाज नहीं खरीदा जाएगा, 1600 करोड़ रुपये का हवाई जहाज खरीदा जाएगा। नोटबंदी और जीएसटी से हुई परेशानियों का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा, नोटबंदी और गब्बर सिह टैक्स (जीएसटी) के कारण व्यापार बंद हुए। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने माताओं-बहनों से लेकर हर किसी की जेब से पैसा निकाला। इससे देश की अर्थव्यवस्था गड़बड़ा गई।

गांधी ने आरोप लगाया, मोदी ने पांच साल अन्याय की सरकार चलाई और कांग्रेस न्याय की सरकार चलाना चाहती है। इसीलिए न्याय योजना तैयार की गई है। इस योजना के तहत हिदुस्तान के सबसे गरीब लोगों के बैंक खातों में सीधे पैसा डाला जाएगा। 72 हजार रुपये साल के और तीन लाख 60 हजार रुपये पांच सालों में डाले जाएंगे। इस योजना से देश के पांच करोड़ परिवारों के 25 करोड़ लोगों को लाभ होगा। उन्होंने आगे कहा, 72 हजार रुपये का नंबर उनका नहीं, बल्कि देश की जनता के दिल का नंबर है। कांग्रेस मन की बात नहीं करेगी, बल्कि देश की जनता के मन की बात सुनेगी। उन्होंने आगे कहा, न्याय योजना से लाखों करोड़ रुपये जैसे ही सबसे गरीब परिवारों के खातों में जाएंगे, वैसे ही खरीददारी शुरू होगी। यह खरीदी दुकानों से होगी, जैसे ही माल बिकना शुरू होगा, फैक्टरी चालू होगी। उसके बाद युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस योजना का मकसद गरीबों की मदद तो है ही, साथ में देश की अर्थव्यवस्था को सुधारना भी है।

न्याय योजना का ब्यौरा देते हुए गांधी ने कहा, जिस भी व्यक्ति की आमदनी 12 हजार रुपये माह से कम है, उसके खाते में इस योजना की राशि तब तक जाएगी, जब तक उसकी आमदनी 12 हजार रुपये प्रति माह नहीं हो जाती। गांधी ने कांग्रेस के सत्ता में आते ही 22 लाख नौकरियों की भर्ती का वादा भी किया और कहा, कांग्रेस सरकार झूठे वादे नहीं करेगी। 22 लाख नौकरियां हैं, तो उतना ही कहा जाएगा। खातों में 15 लाख रुपये आने, हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने जैसे झूठे वादे नहीं किए जाएंगे।

## महत्वपूर्ण एवं खास



### भगवान केदारनाथ के खुले कपाट, मंदिर के बाहर लगी भक्तों की कतारें

**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** शीतकाल प्रवास के बाद शुभ लग्नानुसार प्रातः 5 बजकर 35 मिनट पर जय केदार के जयकारों के बीच भगवान केदारनाथ के कपाट गुरुवार को भक्तों के दर्शनाथ के लिए खोल दिए गए हैं। बाबा की पंचमुखी मूर्ति केदार मंदिर में विराजमान हुई। अब अगले छह महीने तक बाबा केदार यहीं पर श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। कपाट खुलने के मौके पर 5 हजार से अधिक भक्त शुभ असवर के साक्षी बने। गुरुवार सुबह तड़के चार बजे से ही केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तैयारियां मंदिर समिति द्वारा शुरू कर दी गई थी। बाबा केदार की उत्सव डोली को मुख्य पुजारी केदार लिंग द्वारा भोग लगाने के साथ ही नित पूजाएं की गई, जिसके बाद डोली को सजाया गया। केदारनाथ रावल भीमाशंकर लिंग, वेदपाठियों, पुजारियों, हक्क हकूकधारियों की मौजूदगी में कपाट पर वैदिक परंपराओं के अनुसार मंत्रौच्चारण किया गया। जिसके बाद मंदिर के अंदर पूजा अर्चना की गई और मुख्य कपाट भक्तों के दर्शनाथ खोल दिए गए। भारी बर्फबारी के बावजूद बड़ी संख्या में भक्त केदारनाथ आए। सेना की जम्मू-कश्मीर लाइट इंफेंटरी के बेंड की धुनों ने पूरा केदारनाथ का वातावरण भोले बाबा के जयकारो से गुंजायमान हो गया। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने चारधाम यात्रा पर आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं का उत्तराखंड में स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत को उत्तराखंड तैयार है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

### साड़ी की दुकान में लगी आग, 4 कर्मियों की मौत

**पुणे (आरएनएस)।** शहर में गुरुवार को साड़ी की एक प्रसिद्ध दुकान में आग लगने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुणे पुलिस (ग्रामीण) के एक अधिकारी के अनुसार, शहर के बाहरी क्षेत्र में स्थित देवाची उर्ली में स्थित दुकान में आग की खबर सुबह पांच बजे मिली जब दुकान के कर्मचारी दुकान में ऊपर के कमरे में सो रहे थे। आग बहुत जल्द दुकान से ऊपर के कमरों तक फैल गई और वहां सो रहे कर्मचारियों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका के चलते वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या दुकान में और कर्मचारी भी सो रहे थे। आग बुझाने के लिए अग्निशमन दल की पांच गाड़ियां आ गई हैं और अग्निशमनकर्मी आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। आग लगने का कारण फिलहाल पता नहीं चला है।

### आईएसआईएस के 7 आत्मघाती हमलावर गिरफ्तार
**श्रीलंका को फिर दहलाने की साजिश**

**कोलंबो।** श्रीलंका में इस्लामिक समूह, नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) के सात प्रशिक्षित आत्मघाती हमलावरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि संदिग्धों को सप्ताह के प्रारंभ में हम्बनटोटा से गिरफ्तार किया गया था और कथित रूप से ये जहरान हाशिम के करीबी सहयोगी हैं। जहरान ईस्टर संडे के हमले के पीछे का सूत्रधार था। हमले में 250 से ज्यादा लोग मारे गए थे और सैकड़ों अन्य घायल हुए थे। संदिग्धों को हाशिम का एक भाई हम्बनटोटा लेकर आया था। श्रीलंका सरकार ने 21 अप्रैल के हमले के लिए एनटीजे को जिम्मेदार ठहराया है, जिसका कथित तौर पर इस्लामिक स्टेट से संबंध है, जिसने हमले की जिम्मेदारी ली थी। रपट में कहा गया है कि संदिग्धों को हथियार चलाने का एक लंबा प्रशिक्षण हम्बनटोटा में दिया गया है।

## जजों की नियुक्ति पर सुको कॉलेजियम ने सरकार की आपत्तियां की खारिज

**» दो न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने गुरुवार को बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत को पदोन्नत कर शीर्ष न्यायालय का न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की है।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र सरकार की जस्टिस बोस और जस्टिस बोपन्ना की नियुक्ति पर आपत्तियों को खारिज कर दिया है। केंद्र की दलील को खारिज करते हुए जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस एएस बोपन्ना की सुप्रीम कोर्ट में जज की नियुक्ति की लेकर सिफारिश एक बार फिर केंद्र सरकार के पास भेजी गई है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 12 अप्रैल को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अनिरुद्ध बोस और गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ए एस बोपन्ना के नाम की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट के लिए की थी। सरकार ने वरिष्ठता और क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व के आधार पर यह नाम लौटाए थे। अगर वरिष्ठता के क्रम की बात की जाए तो जस्टिस बोस 12वें नंबर पर आते हैं और जस्टिस बोपन्ना का 36वां स्थान है।

ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने कॉलेजियम की सिफारिश को नकार दिया था। सरकार ने वरिष्ठता का हवाला देकर जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस एएस बोपन्ना की सिफारिश पर कॉलेजियम को फिर से विचार करने को कहा था। इसके साथ ही कॉलेजियम ने बॉम्बे हाईकोर्ट के जज जस्टिस बीआर गवई और हिमाचल हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत को सुप्रीम कोर्ट में बतौर जज नियुक्त करने की सिफारिश केंद्र को भेजी है। सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों के 31 पद स्वीकृत हैं। फिलहाल न्यायालय में 27 न्यायाधीश हैं।

कोलेजियम सीनियर जजों का एक समूह है जो सुप्रीम कोर्ट में किसी भी जज की नियुक्ति के लिए अपनी पेशकश दे सकता है। सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति करते हैं। लेकिन संविधान के आर्टिकल 124 (2) के तहत राष्ट्रपति को इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के जजों और सभी प्रदेशों के हाई कोर्ट के जजों से भी सलाह मशवरा करना पड़ता है।

## भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ मामला दर्ज

**इंदौर (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के इंदौर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी शंकर लालवानी और एक पुजारी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। श्री लालवानी के खिलाफ 28 अप्रैल को आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत मिली थी। शिकायत में कहा गया था कि लालवानी ने स्थानीय खजराना गणेश मंदिर में विराजमान गणेश को भाजपा के ध्वज के रंग वाले वस्त्र अर्पित किये थे, जिस पर भाजपा का चुनाव चिह्न कमल का फूल भी बना हुआ था। बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी से मिले निर्देश पर खजराना थाना पुलिस ने लालवानी और मंदिर के एक पुजारी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और धार्मिक संस्था (दुरुपयोग का निवारण) अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## कर्ज में डूबे पिता ने तीन बेटियों को जहर देकर की खुदकुशी



**वाराणसी (आरएनएस)।** लक्सा क्षेत्र में कर्ज में डूबे एक व्यक्ति ने अपने साथ तीन मासूम बेटियों को जहर खिलाकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बुधवार रात गीता मंदिर क्षेत्र के निवासी दीपक गुप्ता ने अपने घर में तीन बेटियों को कोई जहरीला पदार्थ खिला दिया और फिर बाद में खुद भी खा लिया। मृतकों में दीपक के अलावा नौ साल की नव्या, सात साल की अदिति और पांच साल की रीमा शामिल हैं। जहरीला पदार्थ खाने के बाद चारों को उल्टियां होने लगीं। परिवार वालों ने उन्हें तत्काल कबीर चौरा स्थित मंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां प्राथमिक उचार के बाद चारों को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के ट्रॉमा सेंटर में रेफर कर दिया गया। ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टरों ने देर रात चारों की मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया और जांच की जा रही है। आरएनएस के अनुसार दीपक गुप्ता ने अपनी पत्नी को पीटकर मायके भेज दिया था. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों के मुताबिक मृतक दीपक गुप्ता के ऊपर कर्ज का बोझ था, जिससे वह परेशान रहता था। हालांकि आस-पड़ोस के कुछ लोग आईपीएल में सट्टेबाजी की बात कर रहे हैं। मृतक दीपक गुप्ता की भतीजी साक्षी ने बताया कि बुधवार रात चाचा दीपक की तीन बेटियां नव्या, अदिति और रिया बाहर आंगन में सोई हुई थीं। इस दौरान दीपक गुप्ता आए और उनको उठाकर कमरे में ले गए। इसके बाद वो दादी के कमरे में टीवी देखने लगे. कुछ देर बाद छोटी वाली बेटी रिया आई और दादी से बोली की पापा ने उनको कुछ पीला दिया है।

## कश्मीर राजमार्ग भूस्खलन के कारण बंद



**श्रीनगर (आरएनएस)।** कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग गुरुवार को हुए ताजा भूस्खलन के कारण बंद कर दिया गया। यातायात पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ओर से यातायात जारी रहेगा। यह लद्दाख क्षेत्र को कश्मीर और ऐतिहासिक 86 किलोमीटर लंबे मुग़ल रोड से जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है। उन्होंने कहा कि जम्मू से श्रीनगर राजमार्ग पर सुरक्षा बल के काफिले के स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए नागरिक यातायात प्रतिबंध के कारण कल स्थगित होने के बाद गुरुवार को आम नागरिकों के यातायात के लिए खोल दिया गया।

सरकार ने इस वर्ष फरवरी में राजमार्ग पर अवंतिपुरा में फिदायीन हमले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 44 जवानों के शहीद होने के बाद सुरक्षा बल के काफिले की सुरक्षित आवाजाही के लिए सप्ताह में दो बार रविवार और बुधवार को नागरिक वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने हालांकि इस प्रतिबंध पर समीक्षा और और अगले सप्ताह से बुधवार को लगा प्रतिबंध हटाने की घोषणा की है। रविवार को आम नागरिकों के लिए लगा प्रतिबंध जारी रहेगा।

डिग्डोल रामबन में भारी भूस्खलन के बाद राजमार्ग पर यातायात की आवाजाही को बंद कर दिया गया। सीमा सड़क संगठन और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने भूस्खलन के मलबे को हटाने के लिए अत्याधुनिक मशीनों और मजदूरों को लगाया है। उन्होंने बताया कि राजमार्ग में वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू होने में 24 घंटे का समय लगेगा। अलग-अलग स्थानों से अधिकारियों की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू की जायेगी। राजमार्ग पर विभिन्न स्थानों पर सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं।

## ममता दीदी पीएम को नहीं देती उचित सम्मान : मोदी



**बांकुरा (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि 'दीदी' अपने देश के प्रधानमंत्री को दर्जा देने के लिए तैयार नहीं हैं लेकिन पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का गुणमान करने में उन्हें गौरव का अनुभव होता है।

मोदी ने गुरुवार को यहां लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवारों के पक्ष में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यहां भाजपा की रैली नहीं होने पाये, इसके लिए तृणमूल कांग्रेस सरकार ने पूरी शक्ति लगा दी थी लेकिन जिस पर जनता का आशीर्वाद हो, उसे लोगों बीच आने से कोई नहीं रोक सकता है। मोदी ने कहा कि 'दीदी' कितनी परेशान हैं, उसका अंदाजा उनकी भाषा से लगाया जा सकता है। मुख्यमंत्री अब, मेरे लिए पत्थरों की बात करती हैं, थप्पड़ों की बात करती हैं। मुझे तो गालियों की आदत है लेकिन बौखलाहट में दीदी देश के संविधान का भी अपमान कर रही हैं। दीदी अपने देश के प्रधानमंत्री को प्रधानमंत्री मानने के लिए तैयार नहीं हैं, लेकिन पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की सराहना करने में उन्हें गौरव का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी ने पहले बंगाल को अपनी सत्ता के नशे में बर्बाद किया। अब वह बंगाल को और तबाह करने पर तुल गयी हैं अपनी सत्ता जाने के डर से उन्हें मां.माटी.मानुष की नहीं सिर्फ और सिर्फ अपने हितों, अपनी कुर्सी, अपने रिश्तेदारों, अपने भतीजे और अपने टोलाबाजों की परवाह है।

## दुष्कर्म मामलें पर लोगों ने निकाली आक्रोश रैली




**अलवर (आरएनएस)।** जिले के थानागाजी क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म मामला गर्माने लगा है और गुस्साये लोगों ने सभी आरोपियों की गिरफ्तारी एवं उन्हें कड़ी से कड़ी सजा की मांग को लेकर आज आक्रोश रैली निकाली तथा शिव मंदिर में धरना शुरु कर दिया गया। हालांकि इस मामले में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस मामले को लेकर थानागाजी में विभिन्न संगठनों के लोगों ने आक्रोश रैली निकालकर प्रदर्शन किया और इस मामले के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी फांसी तक की सजा दिये जाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शेष फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उन्हें ऐसी कड़ी सजा दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में किसी की ऐसी घटना को अंजाम देनी की हिम्मत नहीं हो। प्रदर्शनकारियों ने बाद में प्रशासन को इस संबंध में एक ज्ञापन भी दिया।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि इस मामले में जब तक न्याय नहीं मिल जाता, बाजार बंद करने एवं प्रदर्शन करने के साथ आंदोलन जारी रहेगा। इस मामले के गर्माने के बाद थानागाजी में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रदर्शन के समर्थन में निजी शिक्षण संस्थान बंद रहे। इसके अलावा थानागाजी में शिव मंदिर में लोगों ने धरना शुरु कर दिया।

राज्य सरकार ने पीड़ित परिवार को चार लाख बारह हजार पांच सौ रुपए का मुआवजा तथा सुरक्षा मुहैया कराई गई है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में मुकेश, इंद्रराज एवं अशोक शामिल हैं। मुकेश को दुष्कर्म मामले का वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है तथा शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। पीड़िता के 164 के तहत बयान दर्ज कराये जा रहे हैं।

## राहुल का मोदी पर कटाक्ष, लाखों युवाओं का छीना रोजगार

**» मध्यप्रदेश के तीन चुनावी सभाओं को राहुल ने किया संबोधित**

**भिंड (आरएनएस)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज बुधवार को मध्यप्रदेश के भिंड में आयोजित चुनावी सभा में एक बार फिर से राफेल मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ताबड़तोड़ हमले बोलते हुए कहा कि वे अनिल अंबानी के घर के बाहर के चौकीदारों की पंक्ति में पहले स्थान पर खड़े हैं। गांधी ने अपनी देशभक्ति के लिए प्रसिद्ध मध्यप्रदेश चंबल संभाग के भिंड में दिए अपने संबोधन में कहा कि चौकीदार ने शहीदों के साथ ही भिंड के युवाओं से भी चोरी की। राफेल अनुबंध में यहां के युवाओं को हाई तकनीकी नौकरियां मिलतीं, मगर प्रधानमंत्री ने उसका अनुबंध और युवाओं का रोजगार छीन कर अंबानी के हवाले कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने राफेल अनुबंध पर अंबानी की चौकीदारी की। इसके बाद वे ये तक कह गए कि प्रधानमंत्री मोदी अंबानी के घर के बाहर के चौकीदारों की पंक्ति में पहले स्थान पर खड़े हैं।